
# Page Three
## Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कांग्रेस नेताओं में सेना के अपमान की होड़

सियासत

## पोस्टल बैलेट मामले में मदन कौशिक ने कांग्रेस पर हमला बोला

संवाददाता

देहरादून। पोस्टल बैलेट को लेकर छिड़ी सियासी रार के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं में सेना और संवैधानिक संस्थाओं के अपमान की होड़ लगी है। पूर्व सीएम हरीश रावत के ट्वीट के साथ जारी वीडियो इसी परंपरा का हिस्सा है। कौशिक ने आरोप लगाया की राजनीतिक विद्वेष के चलते फर्जी वीडियो वायरल किया गया।

**गोपनीय प्रक्रिया का वीडियो वायरल करना गलतः** प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी पुख्ता प्रमाण और जांच के इतने वरिष्ठ नेता का सैनिकों के मतदान को लेकर चुनाव की गोपनीय प्रक्रिया का वीडियो वायरल करना भारतीय सेना का अपमान है। यह साबित करता है कि कल तक दिवंगत जनरल बिपिन रावत के कट आउट लगाकर प्रचार करना, कांग्रेस पार्टी का वीर जवानों के प्रति सम्मान का ढकोसला मात्र था। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे सभी विधानसभा बूथों से जमीनी हकीकत सामने आ रही है वैसे–वैसे भाजपा की सत्ता में वापसी तय हो गई है। अब चूंकि कांग्रेस को भी इसका बखूबी अंदाजा हो गया है। इसलिए वह हमेशा की तरह ईवीएम में छेड़छाड़ व डाकपत्रों में धांधली को लेकर बगैर सिर पैर के आरोप लगाकर अभी से हार का ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ने की तैयारी कर रही है।




**भितरघात के आरोपों पर ये बोले कौशिकः** भाजपा में चुनाव के दौरान पार्टी विधायकों की भितरघात की शिकायतों पर कौशिक ने कहा कि यह मामला संगठन के संज्ञान में है। आरोप लगाने वाले लिखित में देंगे तो पार्टी उचित कार्रवाई करेगी।

**हमारी पूर्ण बहुमत सरकार आ रही हैः** कौशिक ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार आ रही है। इसलिए पार्टी को किसी की भी जरूरत नहीं है। उनसे पूछा गया था कि सूत्रों से यह जानकारी मिल रही है कि केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तराखंड में सरकार बनाने की जिम्मेदारी केंद्रीय नेता कैलाश विजयवर्गीय को सौंपी है, कौशिक ने इसे निराधार बताया।


'विज्ञप्ति'

गोरखा मिलिट्री इण्टर कालेज,देहरादून कैण्ट प्रबन्ध समिति का त्रिवर्षीय निर्वाचन दिनांक 13 मार्च 2022 को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक एवं कोषाध्यक्ष के एक–एक पद तथा सात कार्यकारिणी सदस्यों हेतु विद्यालय प्रांगण में होना निश्चित हुआ है।

'निर्वाचन कार्यक्रम'

नामांकन भरने की तिथि– 13–03–2022 प्रातः 10 बजे से 12:00 बजे तक।
नामांकन पत्रों की जांच – 13–03–2022 प्रातः 12 बजे से 12:30 बजे तक।
नाम वापसी की तिथि– 13–03–2022 अपराह्न 12:30 बजे से 01:30 बजे तक।
मतदान की तिथि (यदि आवश्यक हुआ) 13–03–2022 अपराह्न 2:00 बजे से 3:00 बजे तक।
तत्पश्चात् अपराह्न 03:30 बजे से मतगणना एवं चुनाव परिणाम घोषणा।

प्रबन्ध संचालक
गोरखा मिलिट्री इण्टर कालेज,
देहरादून कैण्ट


## अब बापू की समाधि स्थल पर अनशन करेंगे यति नरसिंहानंद गिरि

**संवाददाता** हरिद्वार। जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी (पहले का नाम वसीम रिजवी) की रिहाई के लिए हरिद्वार में अनशन करने के बाद यति नरसिंहानंद गिरि अब बापू की समाधि स्थल राजघाट पर अनशन करेंगे। यह जानकारी उन्होंने गुरुवार को हरिद्वार में दी।

**एक मार्च से राजघाट पर होगा अनशनः** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर और डसना मंदिर गाजियाबाद के परमाध्यक्ष यति नरसिंहानंद गिरि अब एक मार्च से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट दिल्ली पर अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन करेंगे। इसके लिए वह 27 फरवरी को अपने पांच साथियों के साथ हरिद्वार हरकी पैड़ी क्षेत्र के सर्वानंद घाट से पदयात्रा कर दिल्ली रवाना होंगे। उन्होंने यह जानकारी वीरवार को सर्वानंद घाट पर पत्रकारों से बातचीत में दी।

**त्यागी की जमानत पर चार मार्च को होगी हाईकोर्ट में सुनवाईः** यति नरसिंहानंद गिरि के साथ स्वामी अमृतानंद भी होंगे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश धर्म संसद के आयोजक व संयोजक भी उनके साथ पदयात्रा और दिल्ली में होने वाले आमरण अनशन में शामिल रहेंगे। बता दें कि यति नरसिंहानंद गिरि और स्वामी अमृतानंद फिलवक्त सर्वानंद घाट पर सहयोगी जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी (पहले का नाम वसीम रिजवी) की नैनीताल हाईकोर्ट से जमानत पर रिहाई के इंतजार में अनशन कर रहे हैं। जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी की जमानत पर अगली सुनवाई चार मार्च को निर्धारित है।



## भाजपा में भितरघात के सवाल पर सीएम नेताओं को दे गए नसीहत

**संवाददाता** काशीपुर। सीएम पुष्कर सिंह धामी गुरुवार 24 फरवरी को कुमाऊं दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के मंदिरों में दर्शन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में काशीपुर के साईं धाम मंदिर में दर्शन को पहुंचे सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी हो रही है। काशीपुर सहित कई सीटों पर पार्टी में भीतरघात के सवाल पर कहा कि कुछ प्रत्याशियों ने ऐसी बातें की हैं, लेकिन बेहतर होता कि वह इसे पार्टी फोरम में रखते। सीएम धामी गुरुवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित साईं धाम में पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से रुबरू थे। उन्होंने कहा कि पुलिस के ग्रेड पे का मामला सरकार गंभीरता से लेगी और कैबिनेट गठन के एक माह के अंदर ही मामला सुलझाया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता जोश से लबरेज हैं हमें पूरा भरोसा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार की वापसी होगी।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने ऋषिकेश एम्स में हुई भर्तियों की जांच की मांग की

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने ऋषिकेश एम्स में हुई भर्तियों की जांच की मांग की है उन्होंने कहा कि एम्स में करीब 600 लोगों को नियुक्ति प्रदान की गई है और उन नीतियों में से एक परिवार के 6 लोगों को भी एम्स में नियुक्ति किया गया है जो कि एक सोचनीय एवं विचारणीय विषय है समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने प्रदेश सरकार से आशा ही नहीं विश्वास की प्रकट किया है कि वह तत्काल प्रभाव से नियुक्तियां निरस्त करें तथा उत्तराखंड के बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा उन्हें न्याय प्राप्त हो सके।

### मिनी ने पहली ऑल इलेक्ट्रिक कार लॉन्च कर मनाया जश्न

**संवाददाता** देहरादून। पहली ऑल इलेक्ट्रिक मिनी3–डोर कूपर एसई भारत में आज लॉन्च की गई। कंप्लीटली बिल्टअप यूनिट के तौर पर उपलब्ध सभी यूनिट्स की बिक्री क्यू4 2021 में प्री–लॉन्चिंग के दौरान हो गई थी। प्री–लॉन्च बुकिंग कस्टमर्स के लिए डिलिवरी मार्च 2022 से शुरू हो जाएगी, जो कंपनी ने जितने समय का वायदा किया था, उससे पहले है। अगले चरण की डिलिवरी के लिए बुकिंग केवल मिनी ऑनलाइन शॉप शॉप.मिनी.इन पर मार्च 2022 से शुरू होगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट विक्रम पाहवा ने कहा कि, देश में 10 साल का सफर तय करने पर मिनी इंडिया को कॉम्पैक्ट प्रीमियम सेग्मेंट में पहली ऑल इलेक्ट्रिक कार लाने का गर्व है। यह इ–ब्रैंड के रूप में मिनी के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है।

## विक्रेताओं से दुकानों में अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश

संवाददाता

पुरोला। उपजिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने, पॉलीथीन की छापेमारी एवं मुख्य बाजार में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही करने हेतु तहसीलदार के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया है। एसडीएम ने फल एवं सब्जी विक्रेताओं से दुकानों में अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश भी दिए है।

उपजिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की बैठक में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह ने 25फरवरी से नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने,पॉलीथीन की छापेमारी करने एवं बाजार में



अवैध रूप से खड़े वाहनों का चालान करने हेतु तहसीलदार चमन सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम का गठन किया है। टीम में थानाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, पूर्ति निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को शामिल किया गया है।

एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया कि नगर के सभी फल एवं सब्जी विक्रेताओ की दूकान पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए। उन्होने सभी व्यापारियो से इसमे सहयोग की अपेक्षा की है।

इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह चौहान, अंकित पंवार, सतीश चौधरी,अमीचंद शाह, आदि मौजूद थे।

## जान जोखिम में डाल यात्रा कर रहे ग्रामीण

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले की 43 ग्रामीण सड़कें दुर्घटनाओं का दावत दे रही हैं। सोलिंग और डामरीकरण का वर्षों से सड़कों को इंतजार है। अलबत्ता जिला योजना से मिलने वाले धन से इन सड़कों की मरम्मत आदि होती है। कपकोट विकास खंड में सड़कों की हालत काफी खराब है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण अधिकतर सड़कें खस्ताहाल बनी हुई है। लेकिन इन पर यातायात रोका नहीं गया है। जिस कारण दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। यहां 20 ग्रामीण सड़कें कच्ची हैं। वाहनों का संचालन हो रहा है। गडेरा, गुलेर, गैरखेत, ढफ्टी–झांकरा, बासतोल आदि सड़कें बारिश के कारण लथपथ चल रही हैं। हालांकि लोनिवि इन सड़कों में सोलिंग के लिए जिला योजना से मिलने वाले बजट का इंतजार कर रहा है। वहीं, बागेश्वर विकास खंड में 23 सड़कें अभी कच्ची हैं। वाहन संचालित हो रहे हैं। जखेड़ा, जाख, सैलानी, जौलकांडे, कुंझाली, पगना समेत कई ऐसे सड़कें दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं।